प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 25.09.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ग्रेटर नोएडा में उत्तर प्रदेश अंतरराष्ट्रीय व्यापार शो का किया उद्‌घाटन कहा– वैश्विक व्यवधानों और अनिश्चितताओं के बावजूद भारत का निरन्तर हो रहा है विकास।
2. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज एक दिवसीय दौरे पर पहुंचीं मथुरा : वृंदावन के श्री बांके बिहारी मंदिर समेत अन्य मंदिरों में किया दर्शन पूजन।
3. केंद्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल आज मिर्ज़ापुर में जीएसटी बचत उत्सव पद यात्रा में हुईं शामिल : कहा– भारत की टैक्स यात्रा में मील का पत्थर है जीएसटी 2.0।

और

4. पर्यटन विभाग लखनऊ से नैमिषारण्य और अयोध्या के लिए शुरू करेगा एक दिवसीय गाइडेड बस टूर : 27 सितम्बर को विश्व पर्यटन दिवस से शुरू होगी सेवा।

————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि वैश्विक व्यवधानों और अनिश्चितताओं के बावजूद भारत का निरंतर विकास हो रहा है। आज सुबह ग्रेटर नोएडा में उत्तर प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय व्यापार प्रदर्शनो 2025 का उद्‌घाटन करते हुए श्री मोदी ने कहा कि ये व्यवधान देश को विचलित नहीं

करते बल्कि इन परिस्थितियों से नई दिशा और अवसर मिलते हैं।

*(दुनिया में हो रही डिस्क्रिप्शन और अनसर्टेंटी के बावजूद भारत की ग्रोथ आकर्षक है। डिस्क्रिप्शन हमें भटकाते नहीं लेकिन हम उस परिस्थिति में भी नई डायरेक्शन खोजते हैं, नई डायरेक्शन का मौका ढूंढते हैं। इसलिए इन डिस्क्रिप्शन के बीच आज भारत आने वाले दशकों की नींव मजबूत कर रहा है और इसमें भी हमारा संकल्प है, हमारा मंत्र है, आत्मनिर्भर भारत।)*

श्री मोदी ने कहा कि भारत को आत्मनिर्भर बनना ही होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार मेक इन इंडिया पर ध्यान केंद्रित कर रही है और उसका लक्ष्य चिप से शिप बनाने तक का है।

*(हम चिप से शिप तक भारत में बनाना चाहते हैं और इसलिए आपकी ऐज ऑफ़ बीइंग बिजनेस के लिए हम लगातार काम कर रहे हैं। सरकार ने 40 हजार से ज्यादा कंप्लेंट खत्म किए हैं। जिन छोटी–छोटी गलतियों पर आपके खिलाफ केस होता था। ऐसे सैकड़ों नियम उनको सरकार ने डीप क्रिमिलाइज कर चुकी है।)*

श्री मोदी ने कहा कि रूस के सहयोग से स्थापित एक कारखाने में जल्द ही एके–203 राइफलों का उत्पादन शुरू होगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में एक रक्षा गलियारा विकसित किया जा रहा है जहाँ ब्रह्मोस मिसाइलों और अन्य हथियार प्रणालियों का निर्माण शुरू हो चुका है। उन्होंने कहा कि तीन दिन पहले ही अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार लागू किए गए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये सुधार जीएसटी पंजीकरण को सरल बनाएंगे, कर विवादों को कम करेंगे और एम एस एम ई के लिए रिफंड में तेज़ी लाएंगे,

जिससे हर क्षेत्र को लाभ होगा। प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि 2200 से अधिक प्रदर्शक अपने उत्पादों और सेवाओं का प्रदर्शन कर रहे हैं।

*खुशी है यहां 2200 से अधिक एक्जीबिटर्स अपने प्रोडक्ट और सर्विसेज का प्रदर्शन कर रहे है। इस बार ट्रेड शो का कंट्री पार्टनर रूस है यानीइस ट्रेड शो में हम एक टाइम टेस्टेड पार्टनरशिप को और भी मजबूत कर रहे हैं।*

इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो अंत्योदय को राष्ट्रोदय में बदलने का विशिष्ट अवसर है। जीएसटी सुधारों का जिक्र करते हुए श्री योगी ने कहा कि पिछले चार दिनों में बाजारों में एक

*मख्य रूप से दो स्लैब्स ही अब इस नई सुधार के अंदर जीएसटी रिफॉर्म के माध्यम से हम सबको देखने को मिलेंगे और इसमें न केवल अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। पिछले चार दिनों के अंदर हम लोगों ने इस बात का एहसास किया है कि मार्केट में एक नई जीवंतता देखने को मिली है। उपभोक्ता तेजी के साथ बाजार की ओर रुख किया है। क्या गरीब, क्या किसान, क्या श्रमिक क्या व्यापारी हर एक तबके को जैसे एक नया जीवन दान मिला है।*

——————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज एक दिवसीय दौरे पर मथुरा पहुची। उन्होंने वृंदावन में श्री बांके बिहारी मंदिर में दर्शन पूजन किया। राष्ट्रपति निधि वन भी गईं। पेश है एक रिपोर्ट....

*राष्ट्रपति दिल्ली के सफदरजंग रेलवे स्टेशन से एक विशेष रेलगाड़ी द्वारा वृंदावन पहुँचीं। प्रदेश के मंत्री लक्ष्मीकांत चौधरी ने उनका गर्म जोशी से स्वागत किया। राष्ट्रपति ने परिवार के साथ आज वृंदावन में ठाकुर बांके*

*बिहारी के दर्शन किये। राष्ट्रपति के आगमन को देखते हुए मंदिर को देसी व विदेशी फूलों से सजाया गया था। राष्ट्रपति बांके बिहारी मंदिर में करीब 30 मिनट तक रहीं। इस दौरान मंदिर के आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। उन्होंने वृन्दावन में निधिवनराज मंदिर पहुंचकर, परिक्रमा की। उन्होने निधिवनराज मंदिर में आधा घंटे तक रुककर दर्शन पूजन किया। इसके बाद राष्ट्रपति ने परिवार के साथ बिहारी जी की प्राकट्य स्थली के दर्शन किए। इसके बाद सुदामा कुटी में भजनकुटी का लोकार्पण करने के बाद राष्ट्रपति ने यहां अपनी मां के नाम कल्प वृक्ष के पौधे को रोपण किया। राष्ट्रपति ने मथुरा में श्रीकृष्ण कुब्जा मन्दिर में पूजा अर्चना की और वहां के सेवायत से श्रीकृष्ण कुब्जा के बारे में जाना, इसके बाद राष्ट्रपति और अपने सपरिवार के साथ भगवान श्रीकृष्ण जन्म भूमि पर दर्शन पूजन किया।*

*मुहम्मद उमर कुरैशी , आकाशवाणी समाचार मथुरा*

————————

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।**

————————

**केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल आज मिर्ज़ापुर में जीएसटी बचत उत्सव पद यात्रा में शामिल हुईं। उन्होंने नए सुधारों को लेकर दुकानदारों व व्यवसायियों से संवाद**

**किया। उन्होंने कहा कि भारत की टैक्स यात्रा में जीएसटी 2.0 मील का पत्थर है। बाइट.....**

*जीएसटी बचत उत्सव आज पूरे देश में मनाया जा रहा है और भारत की टैक्स यात्रा में जीएसटी त्वो पॉइंट ओ अपने आप में एक मील का पत्थर है। एक अहम पड़ाव है जो बहुत बड़ा आर्थिक परिवर्तन लाने जा रहा है।*

**इस दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री ने सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता के लिए श्रमदान अभियान में भी भाग लिया।**

———————————

**22 सितम्बर से लागू अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। नए ढांचे के अंतर्गत जीएसटी परिषद ने 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत, 28 प्रतिशत की पूर्व की चार–स्तरीय संरचना को 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दो–स्तरीय संरचना में बदल दिया है। विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कर की दर कम होने से नागरिकों को काफी राहत मिल रही है। एक रिपोर्ट.....**

*नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी सुधारो के तहत सरकार ने कारीगरों, व्यापारियों और ग्राहकों को राहत प्रदान करने के लिए हस्तशिल्प क्षेत्र में टैक्स में बड़ी कटौती की है। सरकार ने लकड़ी, पत्थर, और धातु से बनी मूर्तियों पर टैक्से दर को 12ः से घटाकर 5ः कर दिया है। टैक्स में कमी से पेंटिंग, हस्तशिल्प, मामबत्तियां, लकड़ी से बने सामान और मिट्टी तथा तेरा कोटा से बने बर्तन सस्ते हुए हैं जिसका लाभ ग्राहकों को मिल रहा है। इसी प्रकार कॉटन और जूट से बने हैंडबैग और शॉपिंग बैग पर भी टैक्स दर को 12ः से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है दृष्टि पुनियानी के साथ सौम्या शरण आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

———————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र  मोदी के नेतृत्व में सरकार सेवा और सुशासन के मंत्र से प्रेरित होकर, परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज, इस विशेष श्रृंखला– सेवा पर्व में, हम आपके लिए ला रहे हैं कि कैसे मोदी सरकार ने रक्षा उत्पादन को मज़बूत किया है, जिससे भारत आत्मनिर्भर बना है और वैश्विक रक्षा बाज़ार में वह एक उभरती हुई शक्ति बन गया है।....

*रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता नरेन्द्र  मोदी सरकार की सबसे महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं में से एक रही है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान मेड इन इंडिया की ताकत देखने को मिली। प्रधानमंत्री मोदी ने आत्मनिर्भर भारत के महत्व पर ज़ोर दिया है।*

*आपने ऑपरेशन सिंदूर में देखा मेड इन इंडिया की कमाल क्याक थी कि दुश्मीन को पता तक ना चला कौन सा शस्रात्र है कि कौन सा सामर्थ्यन है पलक भर में उनको नष्ट  कर रहा है। सोचिए अगर हम आत्मशनिर्भर ना होते तो क्याइ ऑपरेशन सिंदूर इतनी बड़ी गति से हम कर पाते।*

*रणनीतिक नीतियों और स्वदेशी नवाचारों से प्रेरित रक्षा उत्पादन में भारत की बढ़ती आत्मनिर्भरता ने राष्ट्रीय सुरक्षा और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा दिया है। आनंद की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से सरफिरोजी।*

————————

उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम, 27 सितंबर को विश्व पर्यटन दिवस  के अवसर पर लखनऊ से नैमिषारण्य और अयोध्या तीर्थ स्थलों के लिए एक दिवसीय गाइडेड टूर की शुरुआत कर रहा है। पेश है एक रिपोर्ट.....

*यूपीएसटीडीसी ने श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए लखनऊ–नैमिषारण्य धार्मिक यात्रा की शुरुआत की है। यह यात्रा हर शुक्रवार, रविवार और सोमवार लखनऊ से प्रस्थान करेगी । इस टूर पैकेज का शुल्क*

*प्रति यात्री 1,700 रुपए तय किया गया है, जबकि वरिष्ठ नागरिकों के लिए यात्रा शुल्क 1,000 रुपए है। वहीं लखनऊ–अयोध्या दर्शन यात्रा यात्रा शनिवार और रविवार लखनऊ से शुरू होगी और रात लगभग 08:30 बजे वापस लखनऊ पहुंचेगी। इस पैकेज की दरप्रति व्यक्ति 2,000 रुपए रखी गई है, जबकि वरिष्ठ नागरिकों के लिए 1,000 रुपए शुल्क निर्धारित है। यूपीएसटीडीसी की वेबसाइट पर इसकी बुकिंग की जा सकती है। आकाशवाणी समाचार कक्ष से राघवेन्द्र त्रिपाठी।*

(समाप्त)